CIN No. U01409UP2023PTC176456
Srijanee Milk Producer Company Limited

SRIJANEE

# सृजनी

## मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन



# सृजनी MPO के बारे में




- **स्थापना:** 5 **जनवरी** 2023
- **संचालन प्रारंभ:** 15 **जुलाई** 2024
- **महिला-नेतृत्व वाली ग्रीनफील्ड उत्पादक कंपनी**
- **सहयोग: यूपीएसआरएलएम एवं एनडीडीबी द्वारा समर्थित**

सृजनी ने 54,000+ ग्रामीण महिलाओं को एक संगठित, पारदर्शी और गुणवत्ता-आधारित डेयरी मूल्य श्रृंखला से जोड़ा है। 210,259 किलोग्राम दैनिक दुग्ध संग्रहण और ₹260 करोड़ (वित्तीय वर्ष 2025-26, मार्च 2026 तक, अनऑडिटेड) के टर्नओवर के साथ, यह संस्था महिला-स्वामित्व वाले सहकारी डेयरी विकास का एक सशक्त मॉडल बनकर उभर रही है।



**आधुनिक दूध प्रसंस्करण एवं शीतकरण अवसंरचना**

निगोही, बिसवां, लखीमपुर खीरी, फतेहगंज, मिश्रिख, हरदोई, मैगलगंज और पूरनपुर में गुणवत्ता, पारदर्शिता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दे रहे हैं।

**"सृजनी – महिला सशक्तिकरण की एक नई पहचान"**

# दीर्घ दृष्टि, मिशन,मूल्य

SRIJANEE

**दीर्घ दृष्टि**
**VISION**

**सृजनी दूध उत्पादक संस्था अपने सदस्यों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य एवं गुणवत्ता पूर्ण सेवाएँ प्रदान कर, उनके सतत विकास एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है।**

**ध्येय**
**MISSION**

**सृजनी दूध उत्पादक संस्था उत्तर प्रदेश में उत्पादक किसान स्वामित्व वाली सबसे विश्वसनीय और अग्रणी संस्था बनेगी।**

**मूल्य**
**VALUES**

**1.संस्था हित सर्वोपरि**
**2.ईमानदारी एवं पारदर्शिता**
**3.समयबद्धता एवं अनुशासन**
**4.गुणवत्ता एवं नवाचार**
**5.परस्पर सहयोग एवं आदर**

# मुख्य उपलब्धियां

- 2,10,259 किलोग्राम दैनिक दूध संकलन
- 55,000+ महिला सदस्यों का सफल नामांकन।
- 100% MPP संचालन महिलाओं द्वारा संचालित।
- AI की शुरुआत – स्मार्ट और भविष्य की ओर कदम
- 25 दिनों में 100 बायोगैस प्लांट – स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बड़ा कदम

"सृजनी ने हमें सिर्फ रोजगार नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और पहचान दी है — आज हम खुद अपनी सफलता लिख रहे हैं।"



# रोडमैप

SRIJANEE

## उत्तर प्रदेश




- बरेली
- मैगलगंज
- बिसवां
- मिश्रिख
- लखीमपुर
- हरदोई
- निगोहि
- मोहम्मदी





- कुल महिला सदस्य: 55,000+
- दूध संग्रहण केंद्र (MPPs)1587
- दूध शीतकरण केंद्र:7
- बल्क मिल्क कूलर (BMCs): 1
- दैनिक दुग्ध संग्रहण: + 2 Lakh KGPD

SRIJANEE

22 SEPT, 2025 3:30pm

# किसानों की जुबानी, उनकी अपनी कहानी



## कुलविंदर कौर

**(सदस्य – सृजनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड)**

"सृजनी ने हमें सही भाव दिया,
हम पर भरोसा जताया,
और वही हमारे उज्जवल भविष्य की राह बन गया।"

## खर्च से आत्मविश्वास तक का सफर



कई वर्षों से दुग्ध उत्पादन में जुड़ी कुलविंदर कौर को शुरूआती दिनों में काफी निराशा झेलनी पड़ी। दो बार सीमन लगवाने के बावजूद नतीजा खाली निकला।

"पहले हमें सीमन के लिए लगभग ₹1200 से ₹1300 तक खर्च करना पड़ता था," जसविंदर बताती हैं। "इतना पैसा लगाने के बाद भी सही परिणाम नहीं मिलते थे।"

फिर वे जुड़ीं सृजनी मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड से। यहाँ उन्हें सिर्फ ₹100 में उच्च गुणवत्ता वाला सीमन और तकनीकी सहयोग मिला।

"यह अंतर हमारे लिए बहुत बड़ा था," वे मुस्कुराते हुए कहती हैं। "अब कम खर्च में काम सही होता है, पशु स्वस्थ हैं और दूध उत्पादन भी बढ़ गया है।"

आज जसविंदर कौर की कहानी सृजनी के उद्देश्य को दर्शाती है — किसानों को सशक्त बनाना, सही मूल्य देना और हर बूंद को उम्मीद में बदलना।



# स्थिरता की दिशा में पहल

SRIJANEE

## बायोगैस प्लांट्स



गोबर को स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा में परिवर्तित करता है।

- ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और पर्यावरण प्रदूषण को कम करता है।
- जैविक स्लरी उत्पन्न करता है, जिसे प्राकृतिक उर्वरक के रूप में उपयोग किया जा सकता है।
- गांवों और खेतों में स्वच्छता और साफ-सफाई को बेहतर बनाता है।



## सोलर पैनल



- अपनी बिजली स्वयं उत्पन्न कर बिजली लागत को कम करता है।
- कम रखरखाव आवश्यकताओं के साथ दीर्घकालिक लागत में बचत सुनिश्चित करता है।
- सतत डेयरी विकास और हरित पहल को समर्थन देता है।



# उपचार: पशु स्वास्थ्य सेवा



## बुखार




### सामग्री: (एक दिन की दवा के लिए) )

लहसुन-2 कलियां, धनिया- 10 ग्राम, जीरा- 10 ग्राम, तुलसी पत्ता- 1 मुट्ठी, तेज पत्ता - 10 ग्राम, काली मिर्च- 10 ग्राम, पान के पत्ते- 5 नग, छोटे प्याज/प्याज़-2 नग, हल्दी पाउडर - 10 ग्राम, चिरायता के पत्ते का पाउडर - 20 ग्राम, बबूल तुलसी के पत्ते-1 मुट्ठी, नीम के पत्ते- 1 मुट्ठी, गुड़- 100 ग्राम

### तैयार करने की विधि

(i) जीरा, काली मिर्च एवं धनिये को 15 मिनट के लिए पानी में भिगा दें।
(ii) सभी सामग्रियों को पीसकर पेस्ट बना लें।



### प्रयोग की विधि

(i) थोड़ी थोड़ी मात्रा में इस मिश्रण को सुबह शाम पशु को खिलाएँ।

## दस्त/अतिसार




### सामग्री (एक दिन की दवा के लिए)

मेथीदाना-10 ग्राम, प्याज़-1 नग, लहसुन-1 कली, जीरा- 10 ग्राम, हल्दी पाउडर-10 ग्राम, करी पत्ता- 1 मुट्ठी, खसखस- 5 ग्राम, काली मिर्च- 10 ग्राम, गुड़- 100 ग्राम, हींग- 5 ग्राम

### तैयार करने की विधि

(i) जीरा, हींग, खसखस एवं मेथी दानों को सूखा धुआँ निकलने तक भून लें। (ii) भुने हुए बीजों को ठंडा कर पीस लें। (iii) अब इसमें अन्य सामग्रियाँ मिलाकर पीस लें एवं पेस्ट बना लें।

### प्रयोग की विधि

(i) मिश्रण के छोटे छोटे लड्डू बना लें।
(ii) तैयार लड्डू पशु को दिन में एक बार, 1-3 दिनों तक खिलाएँ जब तक कि स्थिति सुधर न जाए।

# डेयरी पशुओं का ग्रीष्मकालीन प्रबंधन – मुख्य बिंदु


SRIJANEE



## दूध दोहने का बर्तन



स्टेनलेस स्टील के बर्तन का इस्तेमाल करे




इस्तेमाल से पहले बर्तन को साफ पानी से धोए



प्लास्टिक की केन

प्लास्टिक की केन





पीतल ओर जंग लगे बर्तन

## निष्कर्ष

> **“छाया + पानी + पोषण + ठंडक = गर्मी में भी अच्छा दूध उत्पादन”**

## संपर्क करें-
## सृजनी पशु चिकित्सक

बिसवां, मैगलगंज - डॉ. विनोद(7217072313)
लखीमपुर, मिश्रिख - डॉ. संदीप(8459448229)
फतेहगंज,निगोहि,हरदोई- डॉ. खेमेन्द्र(7906901740)

## 1. गर्मी का प्रभाव

- गर्मी से दूध उत्पादन में 30% तक कमी
- पशुओं में हांफना, पानी की कमी, भूख कम होना
- प्रजनन क्षमता (fertility) भी कम हो जाती है

## 2. दूध व प्रजनन पर असर

- दूध में कमी:
  - गाय: 15–20%
  - भैंस: 10–15%
- साइलेंट हीट बढ़ती है
- ठंडे समय (रात/सुबह) में कृत्रिम गर्भाधान (AI) करें

## 3.आवास व ठंडक प्रबंधन

- प्रति पशु 40–50 वर्ग फुट छाया दें
- पंखे + पानी के छिड़काव का उपयोग करें
- सही वेंटिलेशन रखें, भीड़भाड़ न हो
- छत पर सफेद पेंट या ठंडी सामग्री का उपयोग करें

## 4. पोषण प्रबंधन

- चारा सुबह जल्दी/शाम/रात में दें
- आहार में ऊर्जा बढ़ाएँ (फैट बढ़ाएँ, फाइबर कम करें)
- हरा चारा व मिनरल मिक्सचर दें
- विटामिन (A, C, E) शामिल करें

## 5. पानी प्रबंधन

- 24 घंटे साफ व ठंडा पानी उपलब्ध रखें
- गर्मियों में पानी की जरूरत 50% तक बढ़ती है
- बड़े पानी के टैंक रखें
- इलेक्ट्रोलाइट्स दें

## 6.स्वास्थ्य व स्वच्छता

- पशु शेड साफ व सूखा रखें
- गीले फर्श से बचें (मास्टाइटिस रोकने हेतु)
- छिड़काव सीमित मात्रा में करें

## 7.स्मार्ट उपाय


- पेड़ लगाएँ (प्राकृतिक ठंडक)
- कृत्रिम छाया की व्यवस्था करें
- गर्मी सहन करने वाली नस्लें चुनें

# सृजनी सदस्य मित्र

## ‘सृजनी सदस्य मित्र’ मोबाइल एप्लीकेशन के बारे में

- ‘सृजनी सदस्य मित्र’ एक मोबाइल एप्लीकेशन (एंड्रॉइड) है जिसे सृजनी संस्था द्वारा अपने सदस्यों से पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है।
- सृजनी के सदस्य अपने मोबाइल में इस एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर से निशुल्क डाउनलोड और इंस्टॉल करने के पहले सहज संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गए आईडी व पासवर्ड के द्वारा लोग इन कर इस्तेमाल कर सकते हैं।
- यह एक ऑनलाइन एप्लीकेशन है, इसलिए इसे चलाने के लिए इंटरनेट की आवश्यकता होती है।
- सदस्यों की सुगमता के लिए ‘सहज मित्र’ हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओ में उपलब्ध है।

सृजनी सदस्य मित्र’
सदस्यों की डिजिटल डायरी





## सृजनी सदस्य मित्र’ की उपयोगिता

- ‘सृजनी सदस्य मित्र’ द्वारा, सदस्य अपने दैनिक दुग्ध आपूर्ति के साथ-साथ सहज संस्था को आपूर्तित दूध से सम्बंधित सारी जानकारी प्राप्त कर सकते है।
- दुग्ध भुगतान से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी को सृजनी सदस्य मित्र के माध्यम से बड़ी ही सुगमता से देखा जा सकता है।
- ‘सृजनी सदस्य मित्र’ एप्लीकेशन के माध्यम से कम्पनी में आपूर्तित धनराशि की जानकारी बड़ी ही आसानी से प्राप्त कर सकते है।
- ‘सृजनी सदस्य मित्र’ एप्लीकेशन के माध्यम से सदस्य वर्तमान वित्तीय वर्ष में दूध की मात्रा, दिनों की संख्या, गर्मी सर्दी का अनुपात की निम्नतम संदर्भला सम्बंधित गणना का चलन कर सकते है।
- ‘सृजनी सदस्य मित्र’ के द्वारा, सृजनी द्वारा उपलब्ध की सहज सूचनाएं सृजनी में (पिक्चर, रिसर्च) एवं हर छोटे बड़े दुग्ध आपूर्ति की जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है।
- ‘सृजनी सदस्य मित्र’ संभावित समाचार तथा सूचनाये भी इसी एप्प के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

**अभी स्कैन कर डाउनलोड करें**

WhatsApp
**7217072333**

**सृजनी सदस्य मित्र डाउनलोड करने के लिए**
Google Play **पर जाकर**
**SRIJANEE SADASYA MITRA सर्च करें।**




प्रिय सदस्य ‘सृजनी सदस्य मित्र’ में लॉगिन करने के लिए आईडी और पासवर्ड हेतु टोल फ्री नंबर - 7217072333 पर कॉल का करे अथवा, सृजनी के फील्ड फैसिलिटेटर से संपर्क करें। ध्यान रहे, ‘सृजनी सदस्य मित्र’ एप्लिकेशन को स्वयं से संबंधित में ही डाउनलोड और लॉगिन करें।

# सृजनी मिल्क प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन

## हमारी शक्ति, हमारी सृजनी

SRIJANEE

srijanee.mpc@gmail.com

सदस्य बनने के लिए संपर्क करे

7217072333

| निगोही | बिसवां | लखीमपुर | फतेहगंज | मिश्रिख | हरदोई | मैगलगंज | पूरनपुर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|